उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। माननीय एनजीटी के ओए नंबर 304/2019 अनुसार पत्थर खनन प्रक्रिया में नॉन ब्लास्टिंग के लिए न्यूनतम दूरी 100 मीटर और ब्लास्टिंग के लिए न्यूनतम 200 मीटर की दूरी के स्थानवार मापदण्ड तय है)। परियोजना प्रस्तावक द्वारा सीमांकन के उपरांत खनन योग्य उपलब्ध क्षेत्र की पुर्नरीक्षित खनन योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्यतः अनुमोदन प्राप्त किया जाये।

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEAC की अनुशंसा एवं वृक्षारोपण कार्यकम अनुसार (सतत् सिंचाई, 3 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 2400 वृक्षों का रोपण निम्नानुसार स्थलों पर किया जाये :–

| कं. | प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान | पौधों की प्रजातियॉ | मात्रा (संख्या में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बैरियर जोन में वृक्षारोपण | सिस्सू, जंगल जलेबी, नीम, पीपल, करंज, खमेर, कस्टार, चिरोल एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ | 1000 |
| 2 | परिवहन मार्ग तक (पेड़ो की ऊंचाई न्यूनतम 1 मीटर ) | कदम्ब, कचनार, चिरोल, नीम, पीपल, आम एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ ट्री गार्ड के साथ | 200 |
| 3 | ग्राम मरा (विरान) के ग्रामबासियों में वितरण । | इमली, सीताफल, आवंला, नीबू, बेल, आम, जामुन, कटहल, मुनगा, एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ। | 500 |
| 4. | ग्राम ग्राम मरा (विरान) के ग्राम पंचायत भवन में | कदम्ब, नीम, पीपल, कचनार, कुम्बी, पुतरनजीवा, मौलश्री, एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ ट्री गार्ड के साथ | 700 |
| | | कुल | 2400 |

4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. के तहत निर्धारित बजट अनुसार निम्नलिखित गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–
    - ग्राम सुनवाहा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में 1 कम्पयूटर, प्रिन्टर, टेबल के साथ और 1 आलमारी, लाइब्रेरी के लिए प्रदान की जाये।
    - ग्राम सुनवाहा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में 20 छायादार पौधों (कदम्ब, कचनार, करंज, बहुनिया एवं अन्य प्रजातियॉ ) का रोपण ट्री गार्ड के साथ किया जाये।

**साथ ही, परियोजना प्रस्तावक जनपद पंचायत और पीएचईडी के परामर्श से जल जीवन मिशन के तहत राशि का योगदान सुनिश्चित करेगा। परियोजना प्रस्तावक उपरोक्त गांव के स्कूलों व आंगनबाड़ियों में उचित ढांचागत सुविधाएं विकसित करने/उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देगा। उपरोक्त गतिविधियॉ और आसपास के गांवों के विकास के लिए आवश्यकता आधारित गतिविधि जिला कलेक्टर और ग्राम पंचायत के परामर्श से कार्यान्वित की जाएगी।**

5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन गतिविधि शुरू करने से पहले प्रमुख हवा की दिशा की ओर घने वनीकरण (तेजी से बढ़ने वाली पेड़ प्रजातियों) के साथ विंड ब्रेकिंग वॉल जी.आई. शीट (4 मीटर ऊंचाई तक) की स्थापना खनन क्षेत्र के चारो ओर की जाये।

